सौ फीट ऊंची पानीकी टंकीपर चढ़ी महिला, देर रात तक नहीं उतरी

रास्ता न बनने एवं मंदिर बचानेकी मांगको लेकर जताया विरोध, परिजनोंने लगाया जाम

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र स्थित एकलव्य चौराहे के पास शुक्रवार सुबह भगवतपुर निवासी पूनम दुबे करीब सौ फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ गईं। वह सुबह करीब सात बजे टंकी पर चढ़ी थीं। सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने महिला से बातचीत कर उसे नीचे उतारने का प्रयास किया लेकिन पुलिस को देर रात तक उसे नीचे उतारने में कामयाबी नहीं मिली। वहीं महिला के परिजनों एवं समर्थकों ने बैरीकेड कर रास्ता जाम कर दिया वहां कुछ राहगीरों ने नोकझोक भी हुईपूनम दुबे पत्नी ननकू दुबे एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के भगवतपुर की रहने वाली हैं। सुबह वह अचानक एकलव्य चौराहे के पास स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गईं। आसपास के लोगों ने देखा तो शोर मचाया। पूनम ने अपने गले में कुछ दस्तावेज लटका रखे थे, जिसे वह टंकी के ऊपर से ही नीचे फेंकना शुरू कर दिया। इसमें आरोप लगाया कि गांव की एक जमीन तालाब है।



इसमें अब प्राचीन हनुमान मंदिर बनाने का कार्य एसडीएम सदर की ओर से किया जा रहा है।

आरोप लगाया कि दो तरफ बांउड्री हो चुकी है, जबकि दूसरी तरफ २० फीट का लंबा रास्ता छोड़ा जा रहा है। गांव के सभी लोगों को कहना है कि मंदिर के चारों तरफ बाउंड्री कराकर गेट लगाया जाए, ताकि परिसर पूरी तरह से सुरक्षित रहे। वहीं, ग्राम भगवतपुर में सड़क को फोरलेन निर्माण के लिए जमीन लिए जाने की भी बात कही गई है। पूनम के कई घंटे तक टंकी पर रहने के बाद उसके परिजन और ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए और लोग सड़क पर बैठ गए। घटना से आक्रोशित परिजनों ने अधिकारियों के मौके पर नहीं पहुंचने पर हाईकोर्ट से फ्लाईओवर की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। इससे सड़क पर आवागमन प्रभावित हुआ। पूनम के बेटे कहना है कि कि फोरलेन निर्माण के लिए जमीन लिए जाने को लेकर परिवार नाराज है, उस जमीन को छोड़ा जाए। घटना की जानकारी होने पर एडीएम सिटी मंगलेश दुबे समेत एसडीएम मौके पर पहुंचे और महिला को नीचे उतारने का प्रयास किया लेकिन वह नीचे नहीं उतरी। सिविल लाइंस थाना प्रभारी रामाश्रय यादव ने बताया कि महिला को नीचे उतारने का प्रयास किया जा रहा है।

बैरिकेडिंग लगाकर किया गया मार्ग परिवर्तन

एकल्व्य चौराहे के पास पानी की टंकी में चढ़ी महिला के समर्थकों ने बैरिंकेडिंग लगाकर रास्ता जाम किया है। मामले को बढ़ता देख पुलिस ने एहतियातन आसपास के मार्गों पर बैरिकेडिंग कर यातायात डायवर्ट कर दिया। एकलव्य चौराहा, हाईकोर्ट पुल, पोस्टऑफिस चौराहा और हाईकोर्ट पेट्रोल पंप के पास चौतरफा बैरिकेडिंग लगाई गई। इन मार्गों से गुजरने वाले वाहनों को दूसरे रास्तों से निकाला गया। मौके पर पुलिसकर्मियों की तैनाती कर आवागमन नियंत्रित किया गया।

रास्ता जामको लेकर राहगीरोंसे हुई झड़प

रूट डायवर्ट किए जाने के बाद बैरिकेडिंग से आने-जाने को लेकर राहगीरों के बीच कई बार बहस हुई। बाइक और कार सवार बैरिकेडिंग हटाकर आगे जाने की कोशिश करते रहे। इसे लेकर मौके पर कहासुनी और झड़प की स्थिति बनी। स्थिति बिगड़ने पर पुलिसकर्मियों को मौके पर बुलाना पड़ा। पुलिस ने समझाकर लोगों को दूसरे रास्तों से भेजा जाता रहा।

जब सभी सनातनी एकजुट होंगे तभी हिन्दुस्तान सशक्त बनेगा-स्वामी चक्रपाणि

मुंशी काली प्रसादको भारत रत्न देनेके लिए प्रधानमंत्रीको भेजा जायेगा पत्र
केपी कम्युनिटी सेंटरमें 'हिन्दू स्वाभिमान सम्मेलन', उत्कृष्ट कार्य करनेवालोंका सम्मान

राष्ट्रपति महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर शुक्रवार को केपी कम्युनिटी सेंटर में श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के जगतगुरु, अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि महाराज की अध्यक्षता में 'हिन्दू स्वाभिमान सम्मेलन' का आयोजन हुआ। इस मौके पर स्वामी चक्रपाणि महाराज ने कहा कि जाति से ऊपर उठकर हम सब हिन्दू एक हैं, और जब सभी सनातनी एकजुट होंगे तभी हिन्दुस्तान सशक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि श्री राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण हिन्दू स्वाभिमान का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को छुआछूत मिटाने और हिन्दू समाज को संघटित करने का सामूहिक संकल्प दिलाया, जिसका सभी ने 'ओम' के उच्चारण से समर्थन किया। उनकी अध्यक्षता में मुंशी काली प्रसाद 'कुलभास्कर' को मरणोपरांत भारत रत्न, सनातन बोर्ड की स्थापना, गोहत्या निषेध केंद्रीय कानून और देव निंदा



निषेध कानून सहित १८ प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुए, जो ज्ञापन के रूप में प्रधानमंत्री को भेजे जायेंगे। स्वामी चक्रपाणि महाराज ने घोषणा की कि ऐसे सम्मेलन हर स्थान पर आयोजित होंगे। सम्मेलन के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने सभी प्रस्तावों का समर्थन किया, 'जय श्री राम' का उद्घोष किया और सनातन धर्म को मजबूत बनाने पर बल दिया। महापौर, विधायक हर्ष बाजपेई, विधायक दीपक पटेल, कौशलेन्द्र नाथ सिंह एवं वरिष्ठ अधिवक्ता टीपी सिंह, डा. मुकेश श्रीवास्तव, हृदय कुमार स्वप्रिल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक कुमार नारायण ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। मंच संचालन मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी एवं नवीन सिन्हा ने किया। मीडिया प्रभारी ने बताया कि इस मौके पर सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं से अंजनी सक्सेना, शिव शंकर सिंह, सुशील खरबंदा, अनिमेष अग्रवाल बच्चा भैया, प्रवीण श्रीवास्तव धुन्नू भैया, अजय अग्रहरि, पवन गुप्ता सहित दर्जनों लोग सम्मानित हुए।

पूर्व डीजीसी गुलाब चन्द्र किये गये सम्मानित

श्री चित्रगुप्त अखाड़ा परिषद एवं अखिल भारतीय हिंदू महासभा के द्वारा के पी कम्युनिटी सेंटर में आयोजित हिंदू स्वाभिमान सम्मेलन में जगतगुरु स्वामी चक्रपाणि महाराज द्वारा विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट व पूर्व डी जी सी क्रिमिनल गुलाब चंद्र अग्रहरि को अंग वस्त्र भेंट प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

महिला डाक्टरको डिजिटल अरेस्ट कर १.७८ करोड़की साइबर ठगी

पार्सलमें ड्रग्स होनेका झांसा देकर बनाया बंधक, गिरफ्तारीकी धमकी देकर बैंक खाते कराये खाली

नगर की एक महिला डॉक्टर को साइबर आरोपितों ने कथित डिजिटल अरेस्ट कर करीब १.७८ करोड़ रुपये की ठगी कर ली। शातिरों ने उनके नाम से पार्सल में ड्रग्स होने का झांसा दिया। इसके बाद खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर गिरफ्तारी की धमकी दी और करीब एक महीने तक किसी से संपर्क नहीं करने दिया। जांच के नाम पर बैंकिंग समेत अन्य जानकारी हासिल कर अलग-अलग खातों में रकम ट्रांसफर करा ली। इसके बाद भी रुपये की मांग जारी रही तो महिला डॉक्टर ने साइबर थाने पहुंचकर शिकायत की। उनकी तहरीर पर साइबर क्राइम पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर पुलिस के अनुसार, जार्जटाउन थाना क्षेत्र की महिला डॉक्टर को करीब एक माह पहले अनजान नंबर से फोन आया था। काल करने वाले ने खुद को कोरियर कंपनी का कर्मचारी बताते हुए उनके नाम से पार्सल आने की जानकारी दी। कुछ देर बाद दूसरे नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताते हुए पार्सल में ड्रग्स होने की बात कही। शातिरों ने महिला डॉक्टर को मामले की जानकारी किसी अन्य व्यक्ति को देने पर तत्काल गिरफ्तार करने की धमकी दी। आरोप है कि इसके बाद साइबर अपराधियों ने महिला डॉक्टर को करीब एक महीने तक डिजिटल अरेस्ट रखा। जांच के नाम पर बैंक खाते और अन्य जानकारी हासिल करने के बाद अलग-अलग बैंक खातों में करीब १.७८ करोड़ रुपये ट्रांसफर करा लिए। रकम मिलने के बाद भी आरोपियों ने और रुपये की मांग की। लगातार दबाव बनाए जाने पर महिला डाक्टर को ठगी का एहसास हुआ और उन्होंने साइबर थाने पहुंचकर शिकायत की। साइबर थाना निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने बताया कि महिला डॉक्टर की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। बैंक खातों और लेनदेन के विवरण के आधार पर आरोपियों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही आरोपियों के खिलाफ काररवाई की जाएगी।



एकलव्य चौराहेके समक्ष चक्काजाम करते लोग।

नहीं थम रहा टंकी-टावरपर चढ़नेका सिलसिला

जमीन, रुपयेके विवाद तो कभी पारिवारिक मामलेमें लोग उठा रहे खतरनाक कदम

जनपदमें अपनी मांग मनवाने या विवाद के विरोध में ऊंची पानी की टंकी अथवा बिजली के टावर पर चढ़ने का सिलसिला थम नहीं रहा है। पिछले कुछ माह में ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। इनमें दो घटनाएं सिविल लाइंस क्षेत्र में पानी की टंकी पर चढ़ने की हैं, जबकि हाल में एयरपोर्ट क्षेत्र में युवक बिजली के टावर पर चढ़ गया था। इसके पहले भी पूरामुफ्ती में एक युवक टावर में चढ़ गया था। लोग अपनी बात मनवाने के लिए पानी की टंकी या फिर टावर में चढ़ रहे हैं। नगर की नहीं गंगानगर एवं यमुनानगर में कई घटनायें सामने आ चुकी हैं।

एयरपोर्ट के असरावे खुर्द गांव में ३० सितंबर को समोसे के रुपये को लेकर दुकानदार से विवाद के बाद एक युवक बिजली के टावर पर चढ़ गया। युवक के टावर पर चढ़ने की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। काफी समझाने-बुझाने के बाद उसे नीचे उतारा गया। घटना को लेकर मौके पर काफी देर तक लोगों की भीड़ जुटी रही।इससे पहले २१ अगस्त को सिविल लाइंस के नवाब यूसुफ रोड पर एक महिला पानी की टंकी पर चढ़ गई थी। महिला का आरोप था कि एक दरोगा उसे अपने साथ नहीं रख रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी देर तक बातचीत कर महिला को नीचे उतारा था। २१ अगस्त की घटना के बाद १४ सितंबर को उसी महिला ने नवाब यूसुफ रोड स्थित पानी की टंकी पर दोबारा चढ़कर हंगामा किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बातचीत कर महिला को नीचे उतारा। गंगानगर में प्रेमीसे शादी की जिद में एक युवती टावर में चढ़ गयी थी। फाफामऊ पानी की टंकी में भी एक युवती के चढ़ने का मामला सामने आया था। इस तरह से हाल ही में आधा दर्जन से अधिक ऐसी घटनायें हो चुकी हैं। लगातार सामने आ रही इन घटनाओं में पुलिस और स्थानीय लोगों को लोगों को सुरक्षित नीचे उतारने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।

चांदीके भावमें साढ़े तीन हजार रुपयेकी गिरावट

चांदी की कीमत में लगातार चौथे दिन गिरावट रही है। सराफा कारोबारियों के मुताबिक अभी किसी तरह के शुभ कार्य नहीं हो रहे हैं। इससे बाजारों में ग्राहकों की कमी है। अक्तूबर माह के आरम्भ होने पर चांदी के भाव में ३५०० रुपये की गिरावट हुई है।

आगामी नवरात्रि पर्व के साथ त्योहारों के आरम्भ होने के साथ बाजार में चहल पहल बढ़ेगी। इस साल सोने और चांदी के भाव में लगातार उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है।

सोना २०२६ में अब तक १४६८९ रुपये महंगा हो चुका है। वहीं चांदी ९९८५ रुपये सस्ती हुई है। ३१ दिसम्बर २०२५ को दस ग्राम सोना १.३३ लाख रुपये पर था, जो अब १.४८ लाख रुपये पहुंच गया है।

उमरे मुख्यालयमें 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा-२०२६' का समापन

'एक पेड़ मां के नाम' अभियानके तहत किया वृहद पौधरोपण

उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय, सूबेदारगंज में 'स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा-२०२६' का समापन आज 'स्वच्छ भारत दिवस' एवं महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के रूप में मनाते हुए किया गया।

मुख्यालय में आयोजित समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर महाप्रबंधक राजकुमार बानखेड़े रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर अनिल कुमार द्विवेदी द्वारा मुख्य अतिथि को पौध भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात अपर महाप्रबंधक ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी। सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धासुमन अर्पित किया।



महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशों के तहत पर्यावरण संरक्षण हेतु जोन में विशेष पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत वृहद पौधरोपण किया गया। उत्तर मध्य रेलवे, महाप्रबंधक के निर्देशानुसार निर्धारित वर्तमान वित्त वर्ष २०२६-२७ में दो करोड़ पौधे लगाने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है, जो पर्यावरण एवं स्वच्छता के प्रति उत्तर मध्य रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह की अध्यक्षता में चले इस पखवाड़े के दौरान रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित पांच प्रमुख स्तम्भों के अंतर्गत कुल ४,७७० कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया।

कटराके 'राम' राजवीरका रंगमंचसे सिनेमा तकका सफर

श्री कटरा रामलीला कमेटी की ओर से होने वाली रामलीला में 'राम'की भूमिका निभा रहे राजवीर सिंह का रंगमंच से सिनेमा के पर्दे तक सफर युवाओं के लिए प्रेरणादायक दास्तान हैं। २६ वर्ष के राजवीर मूलत: एक ऐसे परिवार से ताल्लुक रखते हैं जहां शिक्षा और अनुशासन को हमेशा प्राथमिकता दी गई है। उनके पिता एक प्रतिष्ठित कन्ट्रैक्टर हैं और उनकी माता एक सरकारी शिक्षिका हैं। परिवार की मजबूत शैक्षणिक पृष्ठभूमि के बावजूद राजवीर ने अभिनय के क्षेत्र में अपने सपनों को सच करने का बीड़ा उठाया



और अपनी कला के दम पर इंडस्ट्री में अपनी जगह बना रहे हैं।

राडसे हमला कर होटल कर्मचारीसे मोबाइल-रुपये लूटे

कीडगंज थाना क्षेत्र में एक होटल कर्मचारी पर लोहे की राड से हमला कर मोबाइल और रुपये लूटने का मामला सामने आया है।

कल्याणी देवी निवासी उमंग त्रिपाठी शिवारा होटल में काम करता है। उसकी तहरीर पर कीडगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कल्याणी देवी मुट्ठीगंज निवासी उमंग ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि २७ सितंबर की रात वह होटल से काम खत्म कर घर लौट रहा था। नवीन शिशु विद्या मंदिर स्कूल के पास पहुंचते ही कुछ लोगों ने उस पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जानलेवा हमले में घायल होने के बाद आरोपित उसका मोबाइल और रुपये समेत अन्य सामान लूटकर फरार हो गए।

पीड़ित ने पुलिस को मोबाइल का आइएमईआइ नंबर और सिम से संबंधित जानकारी भी दी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर घटना के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ आरोपितों की पहचान का प्रयास कर रही है।

हाईकोर्ट बार चुनाव : उपाध्यक्षमें शक्ति सिंह और अन्नपूर्णा चंदेल आगे

संयुक्त सचिव महिला पदपर शिवांगी,कोषाध्यक्ष महिलापर उष्मा मिश्राकी बढ़त

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव की मतगणना में महिला उपाध्यक्ष में अन्नपूर्णा सिंह चंदेल` सर्वाधिक ८३६ मत हासिल कर पहले स्थान पर है।। वहीं पुरुष उपाध्यक्ष की मतगणना में शक्ति सिंह ३६० मतों के साथ सबसे आगे चल रहे है। शनिवार को मतगणना स्थगित रहेगी। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद के वार्षिक चुनाव २०२६-२७ की मतगणना के नौवें दिन शुक्रवार को लाइब्रेरी हाल में उपाध्यक्ष पुरुष के चार और उपाध्यक्ष महिला के दो पदों के लिए कुल २००० मतपत्रों की गणना की गई। वहीं पं. के.एन. मिश्र अध्ययन कक्ष में संयुक्त सचिव (महिला), कोषाध्यक्ष (महिला) एवं कार्यकारिणी सदस्य (महिला) पद के १७०० मतपत्रों की गिनती हुई। मुख्य चुनाव अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सैय्यद फरमान अहमद नकवी के मुताबिक महिला उपाध्यक्ष पद की मतगणना में अन्नपूर्णा सिंह चंदेल को ८३६, रंजना (रंजना सिंह) को ६२३, मंजू कुमारी (मंजू पांडेय महाक) को ५६६, हया रिजवी को ४१०, रीमा गुप्ता को ४०५ और राखी कुमारी को ३०० मत मिले। इसके अलावा १५५ मतपत्र खाली रहे और आठ मत अवैध घोषित किए गए।

पुरुष उपाध्यक्ष के पदों पर शक्ति सिंह ३६० मतों के साथ सबसे आगे चल रहे हैं।आशुतोष पांडेय को २६२, जितेंद्र सिंह को २५१, कमलेश रतन यादव को २३८, अवनीश कुमार श्रीवास्तव को २२९, त्रिपुरारी पाल को २२८ और अब्दुल मजीद को २२७ मत मिले।इसी क्रम में अशोक कुमार गुप्ता को २१९, परवेज इकबाल अंसारी को २१७, विनोद कुमार यादव को २०८, अमित कुमार (अमित दुबेय) को २०६, विनोद कुमार शुक्ला को १७९, आलोक कुमार शुक्ला को १७९, सुधीर कुमार केसरवानी को १७०, अनुराग मिश्रा को १७०, अनिल कुमार मिश्रा (ए.के. मिश्रा) को १६१, ओम प्रकाश यादव (ओ.पी. यादव) को १५९, संजय कुमार सिंह को १५९ और अमरजीत सिंह (मुन्ना) को १५६ मत प्राप्त हुए।

संयुक्त सचिव (महिला) पद पर शिवांगी भार्गव (शिवांगी तिवारी) ४४० मतों के साथ सबसे आगे रहीं। कविता तोमर को ४०७, उडिशा त्रिपाठी को ३९०, रचना सिंह को २८९ और प्रीति द्विवेदी को ८३ मत मिले। २१ मत अवैध और ६६ मतपत्र खाली रहे।कोषाध्यक्ष (महिला) पद पर श्रीमती उष्मा मिश्रा (नेता जी) को सर्वाधिक ६३६ मत मिले। आराधना सिंह (केएम आराधना) को ४९५ और अंजना चतुर्वेदी को ४३० मत प्राप्त हुए। ११ मत अवैध और १२४ मतपत्र खाली रहे। कार्यकारिणी सदस्य (महिला) पद पर अदिति पांडेय को ८०० और वंदना सिंह को ७८५ मत मिले। दिव्या यादव को ५३५, सोनी गुप्ता को ४८३, दुर्गा कुमारी को ४३३, नेहा सोनकर को ४०२, अप्सरा को ३८१, संगीता श्रीवास्तव को ३६२, उदान्तिका श्रीवास्तव को ३४२, नेहा खान को ३०४, कुसुम लता को ३०२, शिक्षा सिंह गौतम को ३००, मंजू लता वर्मा को २६५, रंजना कुमारी गौर को २४१, शाहीन बेगम को २३४ और फातमा खातून को २११ मत मिले। १७ मत अवैध और ६० मतपत्र खाली रहे। चुनाव समिति ने बताया कि शनिवार को मतगणना स्थगित रहेगी। अब रविवार को सुबह १० बजे से शाम पांच बजे तक लाइब्रेरी हाल और पं. के.एन. मिश्र अध्ययन कक्ष (कमेटी हाल) में उपरोक्त पदों के मतपत्रों की मतगणना होगी।

व्यापारियोंने यूपीआई पर श्रद्धांजलि अर्पितकर किया बहिष्कार

विरोधमें रखा उपवास

व्यापारी एकता समिति उत्तर प्रदेश व गल्ला तिलहन व्यापार मण्डल के संयुक्त तत्वाधान में व्यापारियों ने खटाई मण्डी मुट्ठीगंज पर महात्मा गान्धी व लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती पर श्रद्धाँजलि अर्पित करते हुए यू पी आई पर फूल माला चढ़कर अगरबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। व्यापारियों ने इसका बहिष्कार किया। साथ ही लेनदेन में सरकार द्वारा लगाए गये टैक्स के विरोध में उपवास करके उक्त टैक्स को तत्काल वापस लेने की माँग की। व्यापारी एकता समिति के प्रदेश अध्यक्ष विजय गुप्ता व गल्ला तिलहन व्यापार मण्डल के अध्यक्ष सतीश चन्द्र अपने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि यू पी आई में लगाए गये टैक्स से मंहगाई बढेगी, इससे अच्छा होता कि सरकार द्वारा व्यापारियों पर लगाये सभी टैक्स को समाप्त करके एक टैक्स लगाए जिससे व्यापारियों को विभिन्न प्रकार के टैक्स के लिये दौड़धूप और लिखापढी से राहत मिल सकती। प्रदेश महामंत्री प्रमिल केसरवानी एवं गल्ला तिलहन व्यापार मंडल के महामंत्री राज कुमार सभानी ने कहा कि केंद्र सरकार तुरंत यूपीआई पर टैक्स वापस ले नहीं तो व्यापारी सड़कों को उतरकर आंदोलन करेंगे। इस मौके पर धर्म प्रकाश केसरवानी, मनीष गुप्ता, कन्हैया लाल अग्रवाल, बृजेश निषाद, रमेश चंद केसरवानी, गिरधारी लाल, इमरान अली, अवधेश नारायण वर्मा, राहुल गुप्ता, किशन जायसवाल, रानी केसरवानी, अनीता गुप्ता, सुरेश भारतीय, सुरेश चंद्र केसरवानी, जीतू सोनकर, संजय शर्मा, पवन केसरवानी, सचिन गुप्ता, राजेश केसरवानी, सूरज गुप्ता, शकील अहमद, गुलाब चंद केसरवानी, बीजू गुप्ता, कृष्णदेव आर्य, श्याम सुंदर केसरवानी, सतेंद्र केसरवानी, पवन अग्रवाल, अमित केसरवानी, कैलाश चंद केसरवानी, प्यारेलाल जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

युवकको घेरकर पीटा, जानसे मारनेकी धमकी

आरोपितोंने पुलिसकर्मियोंके सामने घटनाको दिया अंजाम, मुकदमा

करेली थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गंगागंज में बहन के घर से निकल रहे युवक को साथियों समेत घेरकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। रवि सोनकर की तहरीर पर पुलिस ने सात नामजद और २०-२५ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोपितों ने पीआरबी पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में घटना को अंजाम दिया।

जार्ज टाउन निवासी रवि सोनकर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि २९ सितंबर की रात करीब ११:३० बजे वह अपनी बहन बबली देवी के घर से दोस्त आयुष कुमार के साथ निकला था। आरोप है कि इसी दौरान मोहम्मद मिर्जा, सैपु मिर्जा, कासिब मिर्जा, ताज मिर्जा, शाद मिर्जा और आन मिर्जा समेत अन्य लोग वहां पहुंच गए। आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी। रवि का आरोप है कि मारपीट के दौरान उसका चश्मा भी तोड़ दिया गया। आरोप है कि पूरी घटना पीआरबी पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में हुई। पीड़ित ने आरोपितों से भविष्य में भी अप्रिय घटना की आशंका जताई है। करेली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

आधार सिस्टमको बायपास कर फर्जीवाड़ा, पुलिसने एकको दबोचा

क्लोनिंग रिमोट एक्सेससे बंद आपरेटर आइडी कराते थे सक्रिय, आधार बनाने एवं अपडेट करनेका लेते थे २५० रुपये

आधार की सुरक्षा व्यवस्था को क्लोनिंग और बायपास तकनीक से चकमा देकर फर्जी तरीके से आधार कार्ड बनाने और अपडेट करने वाले गिरोह का साइबर क्राइम पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह से जुड़े संदीप कुमार दुबे निवासी अनुवा, सरायममरेज को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एंड्रॉयड मोबाइल बरामद हुआ है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है। पुलिस के अनुसार, संदीप दूसरे आधार ऑपरेटर की यूजर आइडी और पिन का इस्तेमाल कर यूआईडीएआई की प्रणाली में अनधिकृत तरीके से प्रवेश करता था। गिरोह के मुख्य सदस्यों की ओर से उसे यूआईडीएआई की वेबसाइट पर प्रवेश के लिए लिंक उपलब्ध कराया जाता था। इसके बाद नियमों को दरकिनार कर आधार नामांकन और अपडेट का काम किया जाता था। जांच में सामने आया कि एनीडेस्क अथवा अन्य रिमोट एक्सेस के माध्यम से आधार ऑपरेटर के कंप्यूटर सिस्टम को अपने नियंत्रण में लिया जाता था। इसके बाद बंद पड़ी ऑपरेटर आइडी को सक्रिय कर आधार से संबंधित काम किया जाता था। इस तरह बिना अधिकृत अनुमति के यूआईडीएआई की प्रणाली का इस्तेमाल किया जा रहा था। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि करीब दो वर्ष पहले एक कंपनी का बैंकों के साथ अनुबंध खत्म होने के बाद कई आधार ऑपरेटरों की आइडी बंद हो गई थीं। इसी दौरान कंपनी के पूर्व आधार ऑपरेटर विवेक त्रिपाठी ने संदीप की मुलाकात क्लोनिंग और बायपास तकनीक से आधार संबंधी काम करने वाले व्यक्ति से कराई। प्रति ऑपरेटर आइडी सक्रिय करने के लिए पांच हजार रुपये और प्रत्येक आधार बनाने या अपडेट करने के लिए २५० रुपये लेने की बात तय हुई थी। इसके बाद व्हाट्सएप के जरिए ऑपरेटर की एनीडेस्क आइडी हासिल कर रिमोट एक्सेस से आधार सिस्टम में प्रवेश किया जाता था। साइबर क्राइम पुलिस ने मामले में बीएनएस, आइटी एक्ट और आधार एक्ट की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका, नेटवर्क और अब तक किए गए आधार नामांकन व अपडेट की जानकारी जुटा रही है।

दवा बेअसर, चार-पांच दिनोंतक बना रहता है बुखार

स्वादमें बदलाव एवं प्लेटलेट्स कम होने जैसी बढ़ रहीं समस्याएं

मौसम में बदलाव के साथ ही वायरल संक्रमण का असर तेजी से बढ़ने लगा है। इन दिनों बेली, काल्विन, चिल्ड्रेन अस्पताल, एसआरएन में बुखार, खांसी एवं कमजोरी की शिकायत लेकर मरीज पहुंचने वाले मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। मरीज डाक्टर से दवा खाने के बाद भी बुखार नहीं उतरने की शिकायत कर रहे हैं। मरीजों में दवा लेने के बाद भी दो-तीन दिन तक तेज बुखार बना रहता है। इसके अलावा कुछ मरीजों में स्वाद में बदलाव एवं प्लेटलेट्स कम होने जैसी समस्याएं भी सामने आ रही हैं। अस्पतालों की ओपीडी में अधिकांश मरीज बुखार से पीड़ित मिल रहे हैं, वायरल फीवर के साथ-साथ अन्य संभावित संक्रमण जैसे टायफाइड, डेंगू, मलेरिया की स्थिति स्पष्ट करने के लिए चिकित्सक लक्षणों के आधार पर सीबीसी एवं लिवर फंक्शन टेस्ट सहित अन्य खून जांच लिख रहे हैं। एसआरएन अस्पताल के अतिरिक्त अधीक्षक एवं फिजीशियन मेजर डा. जितेन्द्र शुक्ला के अनुसार यदि तेज बुखार लंबे समय तक बना रहे तो इसे सामान्य मानकर बिल्कुल भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। समय पर अस्पताल पहुंचकर जांच कराना बेहद जरूरी है। बाहर के खुले खाद्य पदार्थों के सेवन से परहेज करें। पर्याप्त पानी पीने, साफ-सफाई रखने एवं बुखार होने पर पर्याप्त आराम करने पर ध्यान दें।

बाईका बाग दुर्गापूजा बारवारीमें दिखेगा पद्मनाभ स्वामी मंदिरका दिव्य स्वरूप



तैयार होता बाईका बाग दुर्गा पूजा बारवारी एवं खुल्दाबाद दुर्गा पूजा पण्डाल।

बाई का बाग दुर्गापूजा बारवारी इस वर्ष अपने शताब्दी वर्ष को ऐतिहासिक बनाने जा रहा है। शताब्दी वर्ष के मौके पर पूजा पंडाल को केरल के विश्वप्रसिद्ध पद्मनाभ स्वामी मंदिर की भव्य स्थापत्य शैली में तैयार किया जा रहा है। पंडाल निर्माण के लिए कोलकाता से विशेष रूप से आए कारीगर पिछले करीब तीन महीने से दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। विशाल पंडाल को आकर्षक एवं जीवंत स्वरूप देने के लिए बारीकियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पूजा संयोजक, मीडिया प्रभारी एवं जनसंपर्क अधिकारी लालू मित्तल एवं मयंक शुक्ला ने बताया कि इस बार पंडाल की सजावट में पद्मनाभ स्वामी मंदिर की भव्यता के साथ शयन मुद्रा में विराजमान भगवान विष्णु के विराट स्वरूप और वैभव को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। मंदिर तहखाना में छिपी अकूत संपत्ति, खजाने की प्रसिद्ध अवधारणा को भी पंडाल की थीम में आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करने की तैयारी है।

कोलकातासे आये कारीगर कर रहे पूजा पण्डालका निर्माण

अध्यक्ष जयंत श्रीधर जोशी, कार्यकारी अध्यक्ष राजू द्विवेदी, टीपी मिश्रा, राजेश मलिक, सुब्रतो घोष, सचिव रत्नेश पांडे, पवन शुक्ला एवं सुनील सिंह ने बताया कि सौ वर्ष की इस गौरवशाली परंपरा को यादगार बनाने के लिए पूजा पंडाल, विद्युत सजावट, धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को विशेष स्वरूप दिया जा रहा है।

समिति ने बताया कि बाई का बाग दुर्गा पूजा बारवारी केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि शहर की सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। वर्ष दर वर्ष यहां उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ इस आयोजन के प्रति लोगों की गहरी आस्था और जुड़ाव को दर्शाती है। १००वां वर्ष, पद्मनाभ स्वामी मंदिर की थीम, कोलकाता के कारीगर, भव्य विद्युत सजावट और धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन की तैयारी जोरों पर की जा रही है। इसी तरह कर्नलगंज, दरभंगा, साउथ मलाका सहित अन्य स्थानों पर दुर्गा पूजा पंडालों का निर्माण जोरों पर किया जा रहा है।